Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 | अंक-44 | सागवाड़ा, शुक्रवार,8 अक्टूबर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## विस्फोटक सामग्री के साथ एक गिरफ्तार

**सागवाड़ा।** विस्फोटक सामग्री के साथ पुलिस ने एक जने को गिरफ्तार किया है। पुलिस निरीक्षक सुरेन्द्र सोलंकी ने बताया कि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कपड़े की थैली में विस्फोटक सामग्री लेकर जा रहा है। हड़माला मोड़ के पास एक व्यक्ति गामठवाड़ा की ओर आता नजर आया। पुलिस जाप्ता देख भागने लगा जिसे घेरा डाल कर पकड़ा। नाम पता पूछने पर भीलवाड़ा जिले के कारोही पुलिस थानान्तर्गत गाडऱ्माला हाल गामठवाड़ा निवासी राजेन्द्र पुत्र माधुलाल दरोगा बताया। कपड़े की थैली में दो पैकेट थे। एक पैकेट में 10 जिलेटीन (गुल्ले) दूसरे पैकेट में 10 नंग इलेक्ट्रो डिटोनेटर के पीछे पतला तार लगा हुआ मिले। राजेन्द्र दरोगा के पास विस्फोटक सामग्री रखने व परिवहन के संबंध में कागजात नहीं मिलने पर मामला दर्ज किया।


## खेतों की बाढ़ के लिए लगाई तारबंदी में फंसा पैंथर, गुर्राते हुए निकलने का करता रहा प्रयास

### लोगों की भीड़ जुटते ही पत्थरगढ़ी के पास झाड़ियों में बैठा रहा, उदयपुर से बुलाएं ट्रेंकुलाइजर

**डूंगरपुर।**

शिकार ढूंढते हुए गांव तक आया एक पैंथर खेतों की बाढ़ के लिए लगाई तारबंदी में फंस गया। तारों से निकलने के लिए पैंथर गुर्राते हुए छटपटाता रहा, लेकिन उसके तमाम प्रयास फैल हो गए।

वहीं पैंथर के गुर्राने की आवाज सुनकर खेतों के आसपास लोग इकट्ठे हो गए और पैंथर को देखकर डर गए। 9 घंटे से वन विभाग की टीम पैंथर पर नजर रखे हुए है और उदयपुर से ट्रेंकुलाइजर के आने के बाद ही उसका रेस्क्यू किया जा सकेगा। आसपुर वन नाका क्षेत्र के कालूगामडा गांव में



पिपलाहेण माताजी मंदिर के पास पहाड़ियों व खेतों के बीच बाढ़ के लिए लगाई गई तारबंदी में एक पैंथर फंस गया। पैंथर तारबंदी से निकलने गुर्राता रहा और तारों से निकलने के लिए प्रयास करता रहा, लेकिन वह तारों के बीच ऐसा उलझ गया कि निकल नहीं सका। पेंथर की आवाज को सुनकर गांव के लोग खेतो के पास पंहुच गए तो तारों में उलझे पैंथर को देखकर लोग डर गए और दूर भाग गए।

इसके बाद भोजातो का ओड़ा पंचायत के सरपंच के पति मुकेश अहारी ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। आसपुर वन नाका से फोरेस्टर सेवुलाल मीणा, आंतरी से गिरीश कुमार, सागवाडा से सोमेश्वर, वनपाल चंद्रवीरसिह, हर्षवर्धनसिंह, तेजसिंह, वागचंद पाटीदार मौके पर पंहुच गए। पैंथर तारों के बीच फंसा होने से निकल पाने में भी कामयाब नहीं हुआ। इस पर वन विभाग ने पैंथर को पकड़ने उदयपुर से ट्रेंकुलाइजर को बुलवाया है, तब तक वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही दोवड़ा थाना पुलिस और गांव के लोग पहाड़ियों व गांव के आसपास खेतों में इकट्ठे होकर पेंथर पर निगरानी रखे हुए है। ट्रेंकुलाइजर के आने के बाद उसे ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया जाएगा। पैंथर करीब 4 साल का बताया जा रहा है। हालांकि पैंथर ने अब तक किसी ग्रामीण को कोई नुकसान नहीं पंहुचाया है।

## कटारिया का दावा- CM गहलोत जल्द हटाए जाएंगे

### जिस दिन मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे, उस दिन यह सरकार गिर जाएगी

**उदयपुर।** भाजपा नेता गुलाबचंद कटारिया ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी कैप्टन अमरिंदर की तरह पद से हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा, मैं पहले से कह रहा हूं जिस दिन मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे, उस दिन यह सरकार गिर जाएगी। अब तो अशोक गहलोत का भी मुख्यमंत्री पद से जाना तय है। कांग्रेस हाईकमान और उनके बीच छत्तीस का आंकड़ा हो गया। यह जगजाहिर है। जैसे पंजाब के मुख्यमंत्री गए, उसी तरह जाने की लाइन में गहलोत हैं। गहलोत पद से जाने की तैयारी में हैं। इसके कारण इन्होंने अपने आपको 20 साल तक स्वस्थ रहने की बात पहली बार बोली है। कांग्रेस के टकराव पर कटारिया ने कहा- इनमें टकराव 100त्न बढेगा। गहलोत कभी भी जाएंगे। दिल्ली वास्तव में ताकतवर है। उनका मुख्यमंत्री जिस तरह का बर्ताव कर रहे हैं, ऐसे में हटाया जाना तय है। दिल्ली वाले अब गहलोत को पसंद भी नहीं कर रहे और इनके संबंध खराब हो चुके हैं।

## भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी डूंगरपुर दौरे पर रहेंगे

**डूंगरपुर।** भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय वित्त सचिव संपत खुरदिया तथा राष्ट्रीय मंत्री डॉ. जयराज आचार्य रविवार को डूंगरपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रान्तीय महासचिव गिरीश सोमपुरा ने बताया कि सागवाड़ा में दोपहर एक बजे सागवाड़ा के समस्त सदस्य, दायित्वधारियों के अलावा भीलूड़ा, सरोदा, घाटा का गांव, चीतरी, आसपुर के दायित्वदारी एवं शाखा के सदस्य अपेक्षित है। सोमपुरा के अनुसार डूंगरपुर में शाम चार बजे बैठक लेंगे। जिसमें डूंगरपुर की तीनों शाखाओं के सदस्य एवं दायित्वधारियों के अलावा सीमलवाड़ा, पुनाली के दायित्वधारी सदस्य भाग लेंगे।

## त्योहारों के बीच बिजली कटौती, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 6 घंटो की बिजली संकट

### पीक आवर्स शाम को 6 से रात 10 बजे के बीच एक से दो घण्टे की कटौती होगी

**डूंगरपुर।** कोयला की कमी से बिजली संकट गहरा गया है।त्योहारों के बीच बिजली कंपनी ने कटौती शुरू कर दी है। राज्य में गहराए विद्युत संकट के बीच अजमेर विद्युत वितरण निगम ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। डिस्कॉम ने जिला मुख्यालय को छोड़कर सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पीक आवर्स में कटौती घोषित कर दी है। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री वी. एस. भाटी ने बताया कि संपूर्ण देश में विभिन्न थर्मल प्लांटों में कोयले की कमी होने से बिजली का उत्पादन कम हो रहा है। डिस्कॉम एमडी भाटी ने बताया कि अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सभी 11 जिला मुख्यालयों को छोड़कर शेष सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अब प्रतिदिन बिजली की कटौती की जाएगी। शहरी क्षेत्रों के तहत डूंगरपुर में सांय 4 से 6 तक बिजली की कटौती की जाएगी। इसके अतिरिक्त डिस्कॉम क्षेत्र के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 6 घंटो की बिजली कटौती संभावित है।

## गामठवाड़ा क्षेत्र में सुबह 8 से दोपहर 12 बजे बिजली बंद रहेगी

**सागवाड़ा।** अजमेर विद्युत वितरण निगम की ओर से गामोठवाड़ा जीएसएस से संचालित 11 केवी हाउसिंग बोर्ड फीडर की सप्लाई शनिवार सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक लाइन कार्य होने से बाधित रहेगी। जिससे भीखा भाई पेट्रोल पंप, रतन वाटिका, प्राइवेट बस स्टैंड के सामने का क्षेत्र, एक्सिस बैंक क्षेत्र में आपूर्ति बाधित रहेगी।

## ट्रेनिंगशुदा बेरोजगार युवाओं ने हैंडपंप मिस्त्री पद पर नियुक्ति के लिए झौथरी प्रधान व बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

**झौथरी।** झौथरी ब्लॉक की 32 ग्राम पंचायत के ट्रेनिंग शुदा युवाओं ने आजिवीका ब्यूरो उदयपुर के द्वारा ट्रेनिंग शुदा हैंडपंप मिस्त्री को नियुक्ति दिलाने की मांग को लेकर शुक्रवार को झौथरी प्रधान अनिता रोत व बीडीओ अमराराम पटेल को ज्ञापन सौंपा है। बेरोजगार ट्रेनिंग शुदा युवाओं ने ज्ञापन में बताया है की पंचायत समिती झौथरी की 32 ग्राम पंचायत में लगभग 300 गांव , स्कूल व फलो 6 हजार हैंडपंप है। जिसको ठीक करने व रखरखाव का जिम्मा ब्लॉक में कार्यरत महज 8 हैंडपंप मिस्त्रीयो के भरोसे है।

साथ ही बताया की तहसील क्षेत्र झौथरी के करीब 25 युवाओं ने आजीविका ब्यूरो से ट्रेनिंग ले रखी है। बेरोजगार ट्रेनिंग शुदा युवाओं ने नियुक्ति दिलाने व क्षेत्र में आमजन को पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए मांग की है। इस दौरान झौथरी क्षेत्र के ट्रेनिंग शुदा बेरोजगार युवा मौजूद रहे।

## पुनर्वास कॉलोनी में विस्थापित व निवासरत सर्व ब्राह्मण समाज ने भूखण्ड़ आवंटन की मांग की



**सागवाड़ा।** नगरपालिका की ओर से प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान गलियाकोट पुनर्वास कॉलोनी में विस्थापित व निवासरत सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोड़निया को ज्ञापन देकर भूखण्ड़ आवंटन की मांग की। पार्षद भरत जोशी, विमल जोशी, मणिशंकर पंड्या के नेतृत्व में भूखंड आवंटन की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। प्रवक्ता नरेंद्र जोशी ने बताया कि विस्थापन से पूर्व गलियाकोट में सर्व ब्राह्मण समाज के जनेऊ, पूजन तथा अन्य सार्वजनिक कार्य महादेव मंदिर पर किए जाते थे। विस्थापन पर अन्य समाजों को पुनर्वास कॉलोनी में भूखंड़ आवंटित किए लेकिन सर्व ब्राह्मण समाज को इससे वंचित रखा तथा मुआवजा राशि जारी की गई जो राय सरकार के पास ही जमा है। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में कॉलोनी में सभी ब्राह्मण समाज के 150 से अधिक परिवार निवासरत है लेकिन सामूहिक सार्वजनिक कार्यक्रम अन्य समाज के आवंटित भूखंडों पर करने को मजबूर हैं। प्रतिनिधिमंडल ने सर्व ब्राह्मण समाज के भूखंड के अभाव में होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए कहा कि इससे सर्वमंगल हितार्थ देवी कार्य भी प्रभावित होते हैं। इस दौरान अरविंद चौबीसा, किशोर भट्ट, कन्हैयालाल व्यास, योगेश पंड्या, राज जोशी, राकेश चौबीसा, मेहुल जोशी मौजूद थे।

## वात्सल्य अभियान' के माध्यम से आत्महत्या को रोकने हेतु होगा प्रयास

**डूंगरपुर।** जिले में बढती आत्म हत्या की घटनाओं को रोकने के लिए 'वात्सल्य अभियान' के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाएगें। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित सहलोत ने बताया कि इस संबंध में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार पेन इंडिया अवेयरनेस एण्ड आउटरीच केंपेंन एवं विधिक सेवा सप्ताह के तहत जिले में विशेष पहल करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डूंगरपुर, जिला पुलिस डूंगरपुर एवं स्वयंसेवी संस्था हृदय संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ''वात्सल्य अभियान'' की शुरूआत की जा रही है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सत्र न्यायाधीश) भंवरलाल बुगालिया डूंगरपुर के मार्गदर्शन में आयोजित 'वात्सल्य अभियान' के अन्तर्गत को जागरूक करने के लिए जिले की समस्त ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, चौपाल, संगोष्ठी एवं विद्यालयों में वात्सल्य वार्ता का आयोजन किया जाना है।

## बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने हाइवे पर पशु आहार की आड़ में 30 लाख रुपये की शराब तस्करी करते एक कंटेनर पकड़ा

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पशु आहार की आड़ में 30 लाख रुपये की शराब को गुजरात तस्करी करते एक कंटेनर पकड़ा है। कंटेनर से 515 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। बिछीवाड़ा थानाधिकारी रंजीत सिंह ने बताया की आज अल सुबह के समय नेशनल हाइवे 48 पर रतनपुर चौकी के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान उदयपुर की ओर से एक बंद बॉडी कंटेनर आते हुए नजर आया, जिसे रुकवाकर चालक से पूछताछ की तो चालक पशु आहार होना बताया, लेकिन पुलिस ने कंटेनर को खुलवाकर देखा तो उसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की पेटियां भरी हुई थी। इस पर पुलिस ने कंटेनर को जब्त करते हुए शराब की गिनती की तो 515 कार्टून शराब बरामद की है।

## प्रशासन शहरों के संग अभियान शिविर में टीकाकरण का लाभ उठाए शहरवासी

**सागवाड़ा।** कोविड का खतरा अभी टला नही है। कोराना से बचाव का उपाय वेक्सीनेशन ही है। यह बात नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने वार्ड 7 में आयोजित प्रशासन शहरों के संग अभियान में शहरवासियों को संबोधित करते हुए कहीं। खोडनिया ने कहां कि शहर में अब तक 37 हजार से अधिक लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। अध्यक्ष ने कहा कि वार्ड में लग रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान के शिविर में भी टीकाकरण किया जा रहा है। उपाध्यक्ष राजुमामा शेख ने बताया कि डा. साद हसन के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग की टीम टीकाकरण कर रही है। जिस वार्ड में शिविर लगेगा उस वार्ड में टीकाकरण भी किया जा रहा है।



नगर पालिका सागवाड़ा अधिशासी अधिकारी के रूप में मुकेश कुमार ने आज पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही अधिशासी अधिकारी ने प्रशासन शहरों के संग अभियान में उपस्थित होकर कर्मचारियों को आवश्यक दिए। शिविर में स्टेट ग्रांट के 13 पट्टे जारी किये गए। 20 जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र और 4 भवन निर्माण की स्वीकृतियां जारी की गई। 6 पट्टे भी जारी किए गए।

## अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने पदभार ग्रहण किया

**सागवाड़ा।** नगर पालिका में नव पदस्थापित अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने से पूर्व मोहित पालिका के अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया एवं उपाध्यक्ष राजू भाई घांची के कार्यालय चेंबर में जाकर मिले और पालिका अध्यक्ष के निर्देशों की पालना करते हुए मोहित ने उपखंड अधिकारी राजीव त्रिवेदी से अधिशासी अधिकारी का चार्ज प्राप्त किया।पदभार ग्रहण करने के बाद पालिका के अधिशासी अधिकारी मोहिल ने पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों का विभागीय परिचय प्राप्त किया। नगर पालिका में पदभार ग्रहण करने के दौरान उपस्थित पालिका पार्षद इंद्रजीत मकवाना प्रदीप जोशी, विशाल यादव, लादू गवारिया, इस्माइल बिल्ला जवाहर रोत. बाबूलाल ताबियाड आदि ने अधिशासी अधिकारी का स्वागत किया। वही पर उपखंड अधिकारी राजीव त्रिवेदी ने नव पदस्थापित अधिशासी अधिकारी मोहिल को निर्देशित किया है। कि विकास के कार्यो मे ओर तीव्रता लाई जाए तथा किसी भी कार्य में कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का तत्काल समाधान हो और प्रशासनिक रूप से कार्य समय पर पूरे हो इसके ये बेहतरीन कार्य योजना बनाकर नगरवासियों को ज़्यादा से ज़्यादा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए ।



## कश्मीर घाटी में शिक्षकों की निर्मम हत्या करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**सागवाड़ा।**

कश्मीर घाटी में शिक्षकों की निर्मम हत्या करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर राजथान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने गृहमंत्री एवं जमू एवं कश्मीर उपरायपाल को पत्र लिख लिखा है। जिले में संगठन की समस्त 10 उप शाखाओं सहित प्रदेश तथा जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने कहा कि इस निर्मम हत्या कांड से शिक्षक को कर्तव्य के पालन करने से विमुख करने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का प्रत्येक सदस्य सचे रूप से पूर्ण निष्ठा के साथ में कर्तव्य पालन करते हुए शिक्षक साथियों को श्रद्धांजलि देगा। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों के मंसूबों में कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। संगठन की ओर से लिखे गए पत्र में दोषियों के खिलाफ सत कार्रवाई करने, शिक्षक समाज को सुरक्षा प्रदान करने तथा प्रताड़ित व प्रभावित परिवारजनों के सुरक्षित भविष्य को लेकर राजकीय सेवा में नियुक्ति देने और उन्हें उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## वल्लभनगर में अब चौतरफा मुकाबला, उदयलाल के चुनाव लड़ने से कांग्रेस फायदे में, बीजेपी-जनता सेना को नुकसान

### कांग्रेस दोनों सीटों वल्लभनगर व धरियावद पर बागियों को साधने में कामयाब रही

**उदयपुर।** वल्लभनगर पर अब चौतरफा मुकाबला हो गया है। टिकट कटने पर बीजेपी के उदयलाल डांगी बागी हो गए हैं। उन्होंने RLP से इस सीट पर नामांकन भर दिया है। कांग्रेस दोनों सीटों वल्लभनगर व धरियावद पर बागियों को साधने में कामयाब रही है।

बीजेपी विफल हो गई। हालांकि नामांकन वापस लेने में फिलहाल पांच दिन शेष हैं, लेकिन समीकरण को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि डांगी अपना नामांकन वापस लेंगे। बीजेपी से हिम्मत सिंह झाला और कांग्रेस से प्रीति शक्तावत ने भी शुक्रवार को अपना-अपना नामांकन



भरा।वल्लभनगर से उदयलाल डांगी बीजेपी से टिकट को लेकर काफी उत्साहित थे। डांगी 7 अक्टूबर की सुबह नामांकन भरने वाले थे। इसकी घोषणा भी उन्होंने की थी। अचानक टिकट कटने से डांगी नाराज हुए और पहले निर्दलीय नामांकन भरा और फिर RLP से जुड़ गए।उदयलाल डांगी की बगावत से कांग्रेस को फायदा होता दिख रहा है। कांग्रेस से कई उम्मीदवार होने के बावजूद किसी ने भी नामांकन दाखिल नहीं किया। बीजेपी से बगावत कर उदयलाल डांगी ने नामांकन दाखिल कर दिया है। वल्लभनगर के राजनीतिक समीकरण को देखें तो मुकाबला कांग्रेस और जनता सेना में होता है। बीजेपी का उम्मीदवार जनता सेना के ही वोट काटता है।

ऐसे में अब उदयलाल डांगी के भी खड़े हो जाने से बीजेपी, जनता सेना और RLP के वोट आपस में कट सकते हैं। इसका फायदा कांग्रेस को मिल सकता है।

## जवाहर नवोदय कक्षा-6 में प्रवेश परीक्षा केलिए आवेदन 30 नवम्बर तक आमंत्रित

**डूंगरपुर।**

जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरड़ा डूंगरपुर में सत्र 2022-23 में कक्षा-6 में 80 छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल 2022 शनिवार को किया जाएगा। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय जिला डूंगरपुर ने बताया कि अभ्यार्थी को डूंगरपुर में जनपद के किसी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सर्व शिक्षा अभियान से पूर्ण शैक्षणिक सत्र 2021-2022 के दौरान कक्षा-5 में अध्यनरत होना चाहिए। अभ्यार्थी द्वारा इससे पूर्व प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन न किया गया हो।

## बीस साल बाद मिला सहखातेदारी का हक, विद्यालय के लिए भूमि की दान

### डूंगरपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत टाडी ओबरी में प्रशासन गांव के संग शिविर

**डूंगरपुर।**

प्रशासन गांवों के संग अभियान में आमजन भी अब सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर गांवों के विकास के लिए भामाशाह बनकर आगे आ रहें हैं। शुक्रवार को डूंगरपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत टाडी ओबरी में प्रशासन गांव के संग शिविर में एक ओर जहां टाडी ओबरी में जीवतराम को 20 वर्ष बाद न्याय मिला। वहीं ग्रामीण भामाशाह बन प्राथमिक विद्यालय के लिए भूमि राज्यहित में दान कर मिसाल कायम की। उपखंड अधिकारी मणीलाल तीरगर ने बताया कि शुक्रवार को टाडी ओबरी शिविर में पहुंचे जीवतराम ने ग्राम नलवा के खातेदार लक्ष्मण काउवा एवम बापू पिता लेंबा के साथ अपना नाम सहखातिदारी में जोड़ने के लिए




आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि विगत बीस वर्षो से वह सहखातेदारी के लिए प्रयासरत थे। आपसी सहमति नही होने से न्याय नही मिल पा रहा था। इस पर शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी डूंगरपुर मणिलाल तीरगर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए वर्तमान खातेदारों एवं जीवतराम के मध्य समझाईश की। सहखातेदारी भूमि 4.16 हेक्टर में जीवतराम को हिस्सा देने एवं नाम खातेदारी में जुड़वाने सहमत हो गए।

शिविर में स्व. रामजी, प्रभू, लाली व रूपा रूपली बेवा रूपा कपील, राकेश, खेमा ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय आडबटिया नलवा के लिए राज्यहित एवं गांव में बच्चों के शैक्षिक विकास केलिए रकबा 10 बिस्वा भूमि दान में दी। उपखंड अधिकारी मणिलाल तिरगर ने बताया कि शिविर में 3 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए वही एक नवीन जॉब कार्ड जारी किया गया तथा चार जॉब कार्ड सत्यापित कर राहत प्रदान की गई। शिविर में 107 नामांतरण, 72 राजस्व अभिलेखों का शुद्धिकरण, आपसी सहमति से खातों का विभाजन के 12 प्रकरणों में 41 जनों को लाभान्वित किया गया। वहीं रास्ते के प्रकरण में 2 को लाभान्वित किया गया।

इसी तरह सीमा ज्ञान व पत्थर गढ़ी के दो, आबादी विस्तार भूमि आवंटन के एक, सार्वजनिक/राजकीय प्रयोजन के लिए भूमि आवंटन के तीन प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जाति मूल निवास के 24 प्रमाण पत्र जारी किए गए वही 28 राजस्व रिकॉर्ड की प्रतिलिपियां वितरित की गई। शिविर में सहमति से पैतृक भूमि कृषि के लंबित एक वाद का निस्तारण करते हुए 4 को लाभान्वित किया गया।